हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 24 सितंबर 2026

06 समन्वय कर बैंक और विभाग ऋण संबंधी कमियों का शीघ्र...

09 सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की आठ दिवसीय...

## खबर संक्षेप

### एक स्वर, एक लय में गूंजेगा वंदे मातरम

**सीहोर।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा नमामि भारतम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 25 सितंबर को देशभर में एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में एक करोड़ से अधिक लोगों के एक समय, एक लय और एक स्वर में वंदे मातरम का सामूहिक गायन करने का लक्ष्य रखा गया है। ठीक प्रातः 11 बजे देशभर में एक साथ गायन प्रारंभ होगा। इस सामूहिक गायन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है। श्री राधा कृष्ण मोदी सरस्वती विद्या मंदिर उमा विद्यालय, सीहोर में भी कार्यक्रम प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगा तथा ठीक 11 बजे सामूहिक वन्दे मातरम् गायन किया जाएगा। विद्यालय परिवार के सभी भैया-बहिनों, आचार्यगण, अभिभावकों एवं समाजजनों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक राष्ट्रीय आयोजन के सहभागी बनें और एक स्वर, एक लय, एक समय में राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन करें।

### अक्टूबर माह के लिए खाद्यान्न आवंटित

**सीहोर।** दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत संचालित दीनदयाल रसोई केंद्रों को खाद्यान्न आवंटित किया गया है। दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत नगर पालिका सीहोर को 12 क्विंटल गेहूं एवं 3 क्विंटल चावल, आष्टा को 12 क्विंटल गेहूं एवं 3 क्विंटल चावल, तथा बुदनी को 12 क्विंटल गेहूं एवं 3 क्विंटल चावल आवंटित किया गया है।

### नो-यूपीआई डे पर व्यापारी और आमजन दोनों हुए परेशान

# एमडीआर चार्ज के विरोध में सड़क पर उतरे व्यापारी, काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

व्यापारी बोले, पहले तो डिजिटल इंडिया की आदत डाली, अब चार्ज लगाकर परेशान कर रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरकार ने पहले तो डिजिटल इंडिया के सपने दिखाए, लोगों को कैशलेस होने की आदत डाल दी और अब अचानक चार्ज थोपने का नाटक शुरू कर दिया। शहर के बाजारों में खरीदारी करने निकले आम नागरिकों और व्यापारियों का यह गुस्सा बुधवार को सड़कों पर साफ देखने को मिला। व्यापार महासंघ सीहोर के आह्वान पर पूरे शहर में नो-यूपीआई डे मनाया गया, जिससे दिनभर ऑनलाइन पेमेंट पर पूरी तरह ब्रेक लगा रहा। डिजिटल भुगतान के भरोसे बाजार पहुंचे ग्राहकों को जब दुकानें पर स्कैनर ढके मिले तो उन्हें भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। मजबूरन लोगों को एटीएम और बैंक शाखाओं के चक्कर काटकर नकद पैसों का इंतजाम करना पड़ा।

### काली पट्टी बांध दर्ज कराया विरोध

व्यापारियों के इस एक दिवसीय सांकेतिक विरोध प्रदर्शन के कारण शहर का पूरा व्यापारिक परिदृश्य बदला नजर आया। दुकानों, संस्थानों के बाहर लगे यूपीआई क्यूआर कोड/स्कैनर्स को काले कपड़े से ढक दिया गया था। सभी व्यापारियों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान व्यापारियों ने न तो ग्राहकों से कोई ऑनलाइन भुगतान लिया और न ही खुद यूपीआई से कोई पेमेंट किया।

### क्या है नया नियम, क्यों भड़के व्यापारी

व्यापारियों और आम जनता की इस नाराजगी की मुख्य वजह 15 अक्टूबर से लागू होने जा रहा नया नियम है। नए नियम के तहत 2000 रुपये से अधिक के पर्सन टू मर्चेंट यूपीआई लेन-देन पर व्यापारी से 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क वसूला जाएगा। बड़े ट्रांजेक्शन पर व्यापारियों को अधिकतम 300 रुपये तक का अतिरिक्त शुल्क अपनी जेब से चुकाना पड़ेगा।

### थोक कारोबारियों का गणित बिगड़ा

थोक किराना, कपड़ा, तेल और अनाज व्यापारियों का कहना है कि थोक व्यापार पहले से ही बेहद कम मार्जिन पर चलता है। ऐसे में यदि कोई व्यापारी दिनभर में 2000 रुपये से अधिक के सिर्फ 10 से 15 यूपीआई ट्रांजेक्शन स्वीकार करता है तो उसे हर दिन हजारों रुपये का बेवजह शुल्क देना होगा, जिससे व्यापार करना मुश्किल हो जाएगा।

### सुविधा देकर अब कस रहे शिकंजा

नागरिकों और व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि वे डिजिटल इंडिया व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं। यूपीआई अब आम जनता और व्यापारियों की दैनिक आदत बन चुका है, लेकिन जब पूरी व्यवस्था डिजिटल हो गई, तब अतिरिक्त चार्ज थोपना सीधे तौर पर उपभोक्ताओं और कारोबारियों दोनों पर आर्थिक बोझ डालना है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस फैसले को वापस नहीं लिया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### व्यापारियों ने उठाई आवाज

डीलर एसोसिएशन एवं समस्त किराना व्यापारी संघ से जुड़े व्यापारियों ने एकजुट होकर सरकार की प्रस्तावित यूपीआई भुगतान शुल्क व्यवस्था पर आपत्ति जताई। भैरूंदा के व्यापारियों ने कहा कि यूपीआई आज व्यापारिक लेन-देन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है और ग्राहक से लेकर व्यापारी तक बड़ी संख्या में इसका उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लागू होने से व्यापारियों पर आर्थिक भार बढ़ने की चिंता है।[यापारियों ने बुधवार को अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध किसी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ नहीं है, बल्कि व्यापारियों से जुड़ी आर्थिक चिंता को सामने रखने के लिए है। इस दौरान डीलर एसोसिएशन और किराना व्यापारी संघ से जुड़े व्यापारियों ने अपनी मांग को लेकर एकजुटता दिखाई। डीलर एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज खंडेलवाल ने कहा कि यूपीआई आज व्यापार का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। ग्राहक आसानी से मोबाइल से भुगतान कर रहे हैं और व्यापारी भी डिजिटल लेन-देन को स्वीकार कर रहे हैं। ऐसे में यदि व्यापारियों पर अतिरिक्त मर्चेंट शुल्क लगाया जाता है तो इससे छोटे व्यापारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है।

# सारंगाखेड़ी में शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

### जेसीबी से तोड़ा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जिले में शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई निरंतर जारी है। इसी क्रम में ग्राम सीहोर तहसील के सारंगाखेड़ी में शासकीय भूमि पर कुछ रसूखदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण की जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग एवं पुलिस के दल ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

नायब तहसीलदार धनजी मालवीय एवं हल्का पटवारी नीलेश यादव सहित राजस्व दल द्वारा मौके का निरीक्षण कर शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अधिकारियों ने मौके पर कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया तथा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। कलेक्टर ने जिले में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे एवं अतिक्रमण की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को शासकीय परिसंपत्तियों एवं भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अतिक्रमण की स्थिति में नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और छात्र छात्राओं ने बुधवार को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज के प्राचार्य कक्ष से संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर हटाने और कॉलेज प्राचार्य द्वारा कॉलेज के परीक्षा हॉल को एबीवीपी के कार्यक्रम के लिए भंडारा हाल बनाने सहित अंबेडकर लाइब्रेरी को परीक्षा हॉल बनाने के विरोध में प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज के प्राचार्य अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इशारे पर काम कर रहे हैं। बाबा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भी उन्होंने अपने कक्षा से निकलवा दी है। यह संविधान निर्माता बाबा साहब का अपमान है। इस अपमान को एनएसयूआई कार्यकर्ता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। छात्र नेता यश यादव ने कहा कि किसी एक व्यक्ति या संगठन विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कॉलेज के परीक्षा हॉल को निजी प्रोग्राम के लिए दिया जाना नियम के विरुद्ध है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर बनी PG कॉलेज की सेंट्रल लाइब्रेरी को परीक्षा कक्ष में परिवर्तित किए जाने का हम कड़ा विरोध करते हैं। बाबा साहब के नाम से बनी लाइब्रेरी विद्यार्थियों के अध्ययन और ज्ञान का केंद्र है। उसे किसी अन्य उद्देश्य के लिए इस्तेमाल करना छात्रों के हितों के साथ समझौता है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से एनएसयू आई पूर्व जिला उपाध्यक्ष ग्यासी यादव, विष्णु मालवीय, रुद्र वर्मा, अभिषेक मालवीय, बहन नेन्सी, नितिन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

# किसानों ने भैंसों के आगे न्याय की गुहार लगाकर पार्वती नदी में किया जल सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विद्युत मंडल की कथित लापरवाही और झूलती बिजली लाइनों की समस्या को लेकर सीहोर एवं शाजापुर जिले के किसानों का पार्वती नदी में तीसरे दिन भी जल सत्याग्रह जारी रहा। किसानों ने गहरे पानी में भैंसों को खड़ा कर उनके आगे नारे लगाते हुए कहा कि, सरकार हमारी आवाज नहीं सुन रही, अब भैंसों के आगे अपनी आवाज सुना रहे हैं।

किसानों का आरोप है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों और घरों के ऊपर 11 केवी एवं एलटी बिजली लाइनें झूल रही हैं, जिससे करंट की चपेट में आकर किसान घायल हुए हैं तथा कई स्थानों पर पशुओं की मौत भी हुई है। वहीं ग्रामीण उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल आने की शिकायत भी किसानों ने उठाई है। किसानों ने विद्युत मंडल सीहोर के अधीक्षण यंत्री के कार्यपालन यंत्री के सहायक यंत्री श्यामपुर पर मुकदमा कायम करने एफआई आर करने की मांग को लेकर जल सत्याग्रह किया जा रहा है। किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में सीहोर जिले के 25 से अधिक गांवों तथा शाजापुर जिले के कुछ गांवों के 500 से अधिक किसान पिछले करीब दो माह से अलग-अलग तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि वे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर, विद्युत मंडल के अधिकारियों, मानव अधिकार आयोग, महिला आयोग सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन अब तक उनकी प्रमुख मांग पर कार्रवाई नहीं हुई। किसानों की मुख्य मांग है कि झूलती विद्युत लाइनों से हुई मौतों, चोटों और पशुहानि के लिए जिम्मेदार विद्युत मंडल के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक जिम्मेदार अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज नहीं होता और उन्हें न्याय नहीं मिलता, जल सत्याग्रह एवं आंदोलन जारी रहेगा।

# आस्था और उत्साह के साथ मनाया भगवान राम-कृष्ण का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंसान जैसा कर्म रूपी बीज बोता है, भविष्य में उसे वैसा ही फल प्राप्त होता है। अच्छे कर्मों का परिणाम अच्छा और बुरे कर्मों का परिणाम बुरा ही होता है। कर्म का सिद्धांत राजा हो या रंक, सभी पर समान रूप से लागू होता है। व्यक्ति द्वारा किए गए छोटे से छोटे कर्म का हिसाब भी सृष्टि में सुरक्षित रहता है। आज यदि जीवन में कोई कष्ट, बीमारी या परेशानी है तो वह हमारे पूर्व कर्मों के बोए हुए बीज का परिणाम हो सकता है। वहीं जीवन में मिलने वाला सुख भी अच्छे कर्मों का फल है।

यह बात अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने कही। बुधवार को शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा का आयोजन हुआ। इस दौरान श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग पर आकर्षक जीवंत झांकी सजाई गई। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया और वासुदेव भगवान श्रीकृष्ण को टोकरी में लेकर पंडाल में पहुंचे, पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष के साथ भगवान के जन्म का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु जमकर झूमे और नृत्य किया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर पुष्पवर्षा की गई तथा श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं। इसके बाद माखन-मिश्री और मिठाइयों का वितरण किया गया। पंडित मिश्रा ने कहा कि शिव महापुराण, श्रीमद् भागवत कथा, राम कथा सहित सभी धार्मिक ग्रंथों में ईश्वर के प्रति आस्था और समर्पण का विशेष महत्व बताया गया है। जब तक मनुष्य की ईश्वर के प्रति आस्था बनी रहती है, तब तक उसे आध्यात्मिक संबल मिलता रहता है। भगवान ने विभिन्न अवतारों के माध्यम से मानव समाज को सादगी, समर्पण, प्रेम और सदाचार के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीराम और कृष्ण के जन्मोत्सव से लेकर उनकी बाल लीलाओं तथा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भी विस्तार से वर्णन किया।

### 100 साल पुराने हनुमान मंदिर में थमी पूजा-पाठ का रास्ता निकालने सक्रिय हुए अफसर

# एसडीएम कार्यालय पहुंचा मुआवजा और विस्थापन का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खबर का असर

पार्वती (रेसई) परियोजना के बांध में पानी भरे जाने से चांदबड़ जागीर ग्वालगढ़ स्थित 100 साल पुराने ऐतिहासिक हनुमान मंदिर का पहुंच मार्ग डूबने और पूजा-पाठ ठप होने के मामले में प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय हो गया है। 'हरिभूमि' के 22 सितंबर के अंक में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित होते ही नरसिंहगढ़ जल संसाधन विभाग और स्थानीय प्रशासन हरकत में आया।

मंगलवार को नरसिंहगढ़ जल संसाधन विभाग और सीहोर जिले की प्रशासनिक टीम ने आनन फानन में मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा समस्या के निराकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। निरीक्षण के दौरान नरसिंहगढ़ जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने मंदिर के पुजारी और स्थानीय ग्रामीणों से विस्तार से बात की। अधिकारियों ने माना कि बांध में पानी भरने के कारण मंदिर का मुख्य रास्ता जलमग्न हो गया है, जिससे सोमवार को नियमित आरती और पूजा-अर्चना नहीं हो सकी। अधिकारियों ने पुजारी को आश्वस्त किया कि जब तक स्थायी विस्थापन और मुआवजे की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक पूजा-पाठ सुचारू रखने के लिए तत्काल प्रभाव से कोई न कोई वैकल्पिक रास्ता तैयार किया जाएगा।



करोड़ों की पार्वती परियोजना का विस्थापन और वैकल्पिक रास्ता अब भी अधूरा

डैम का पानी रोका तो जलमग्न हुआ रास्ता 100 साल पुराने मंदिर में नहीं हो सकी पूजा

बिना पूर्व सूचना पानी भरने से किसान भी परेशान, कई खेतों का रास्ता हुआ बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नरसिंहगढ़ जल संसाधन विभाग द्वारा पार्वती (रेसई) परियोजना के डैम में पानी रोके जाने से सीहोर जिले के सीमावर्ती गांवों में हाहाकार की स्थिति निर्मित हो गई है। रविवार को पार्वती बांध के सभी गेट बंद कर दिए जाने से क्षेत्र में भारी जलभराव हो गया है। इसका सीधा असर जनआस्था और किसानों की आजीविका पर पड़ा है। चांदबड़ जागीर ग्वालगढ़ स्थित लगभग 100 साल पुराने ऐतिहासिक हनुमान मंदिर का पहुंच मार्ग पूरी तरह जलमग्न गया, जिससे सोमवार से मंदिर में पूजा-पाठ और आरती पूरी तरह बंद हो गई है।

बता दें इस गंभीर स्थिति को लेकर समाचार पत्र हरिभूमि ने बीते 3 जून के अंक में 'पार्वती रेसई परियोजना... नरसिंहगढ़ जल संसाधन विभाग की तैयारी से सीहोर के किसानों की बढ़ी चिंता, डूबेंगे कई रास्ते और मंदिर' शीर्षक से खबर प्रकाशित कर प्रशासन को पहले ही आगाह किया था। दुर्भाग्यवश जिम्मेदार अधिकारियों ने चेतावनी को अनदेखा किया और बिना पुख्ता इंतजामों के पानी रोक दिया, जिससे 'हरिभूमि' की आशंका सच साबित हुई।

डूब में आया 100 साल पुराना मंदिर

चांदबड़ जागीर ग्वालगढ़ का हनुमान मंदिर करीब एक शताब्दी पुराना है और आसपास के कई गांवों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। गांव के हरिप्रसाद मैहर, प्रभूलाल अहिरवार, अर्जुन राजपूत और गोपाल सेन ने व्यथित होकर बताया कि रविवार को जैसे ही डैम के गेट बंद किए गए, पानी का स्तर तेजी से बढ़ा और मंदिर जाने का रास्ता पूरी तरह डूब गया। सोमवार को मंदिर में नियमित आरती और पूजा-अर्चना नहीं हो सकी।

आस्था को ठेस, बंद रहेगी पूजा-पाठ

ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पानी भरा रहेगा, तब तक मंदिर तक पहुंचना असंभव है और पूजा-पाठ ठप रहेगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 100 साल पुराने इस मंदिर के विस्थापन और निर्माण के लिए शासन की ओर से मिलने वाली मुआवजा राशि अब तक जारी नहीं की गई है। हालांकि गांव वाले नया मंदिर बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन राशि के अभाव में निर्माण कार्य रुका हुआ है। ग्रामीणों की मांग है कि जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती, तब तक बांध के गेट खोलकर पानी की निकासी की जाए ताकि मंदिर का रास्ता साफ हो सके।

जानकारी के अभाव में बो दी फसल

जलभराव के कारण केवल मंदिर ही नहीं, बल्कि किसानों के खेतों तक पहुंचने के रास्ते भी पूरी तरह बंद हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग ने किसानों को मुआवजा तो बांट दिया, लेकिन जलभराव की समयसीमा का कोई पूर्व नोटिस जारी नहीं किया। सूचना के अभाव में किसानों ने अपने खेतों में रबी की पुसलें बो दीं। अब अचानक पानी भरने से खेतों के रास्ते बंद हो गए हैं और पानी फैलने से खड़ी फसलें डूबकर बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई हैं। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने पूर्व में दावा किया था कि नदी के दायरे में केवल 6 मीटर तक पानी भरा जाएगा जिससे कोई रास्ता बंद नहीं होगा। हालांकि जमीनी हकीकत इन दावों के विपरीत है। महज 5-6 मीटर पानी रोकने से ही चांदबड़ जागीर, महुआखेड़ा, मगरदीखुर्द, रावतखेड़ा, मानपुरा, आछारोही, मरेठी, भैरूपुरा और चरनाल के कई किसानों के खेतों का आवागमन पूरी तरह ठप हो चुका है।

क्या है पार्वती परियोजना

बता दें 1815.54 करोड़ रुपये की लागत वाली पार्वती रेसई परियोजना का निर्माण वर्ष 2022 में ही पूर्ण हो चुका था। इसका मुख्य उद्देश्य सीहोर, राजगढ़ और भोपाल जिले की 48000 हेक्टेयर कृषि भूमि को पाइप सिंचाई प्रणाली से पानी पहुंचाना है। इस परियोजना के जल ग्रहण क्षेत्र 3150 वर्ग किमी में सीहोर जिले की 901.53 हेक्टेयर निजी भूमि सहित कुल 3041.36 हेक्टेयर भूमि डूब में आ रही है।

### एसडीएम कार्यालय भेजा प्रस्ताव

मामले को गंभीरता से लेते हुए जल संसाधन विभाग ने विस्थापन और मुआवजे का विधिवत प्रकरण बनाकर सीहोर एसडीएम कार्यालय को प्रेषित कर दिया है। विभाग के अनुसार जल्द ही एक प्रशासनिक समिति का गठन होगा, जिसके माध्यम से मुआवजा राशि जारी की जाएगी, ताकि ग्रामीण अपनी आस्था के केंद्र हनुमान मंदिर का नए स्थान पर निर्माण करा सकें। सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा ने बताया कि जल संसाधन विभाग की ओर से प्रस्ताव प्राप्त हो गया है। इसे तुरंत प्रक्रिया में शामिल कर लिया गया है और तय समय-सीमा के भीतर इसका समाधान कर दिया जाएगा।

### हरिभूमि की चेतावनी साबित हुई सच

गौरतलब है कि हरिभूमि ने पूर्व में 3 जून के अंक में ही इस बात की आशंका जताते हुए आगाह किया था कि बिना वैकल्पिक इंतजाम पानी रोकने से मंदिर और रास्ते डूबेंगे। वर्ष 2022 में 1815.54 करोड़ रुपये की लागत से बनी पार्वती रेसई परियोजना का विस्थापन और वैकल्पिक मार्ग का निर्माण अब तक अधूरा था।

### जिम्मेदारों का तर्क...

पानी चारों तरफ भर गया है। मंदिर के पुजारी से बात हो चुकी है। मुआवजा और विस्थापन का प्रकरण बनाकर सीहोर एसडीएम ऑफिस भेज दिया गया है। समिति बनते ही मुआवजा मिलेगा, तब तक पूजा-पाठ के लिए अरेंजमेंट कर रहे हैं।

**राहुल कौरी,** असिस्टेंट इंजीनियर पार्वती बांध योजना

हमने मंदिर क्षेत्र का मौका मुआयना किया है। पुजारी से चर्चा के बाद प्रस्ताव तैयार कर सीहोर एसडीएम कार्यालय भेज दिया गया है। निर्णय आते ही राशि समिति के खाते में ट्रांसफर होगी।

**बीआर सिंधे,** एसडीओ पार्वती रेसई परियोजना

जल संसाधन विभाग की तरफ से प्रस्ताव प्राप्त हो गया है। इसे तुरंत प्रक्रिया में ले लिया गया है और समय-सीमा के अंदर मामले का निराकरण करा दिया जाएगा।

**तन्मय वर्मा,** एसडीएम सीहोर

# सेवा संकल्पः बालिकाओं ने मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सूर्या फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा संचालित माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर की बालिकाओं ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्राचीन चिंतामणि गणेश मंदिर एवं हनुमान फाटक मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। बालिकाओं ने मंदिर परिसर एवं हनुमान फाटक परिसर की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया तथा लोगों से अपने आसपास के स्थानों को स्वच्छ रखने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अमित दुबे, शिक्षिका रवीना जी एवं दिलेश्वर जी उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य डॉ. विनीत गाबा ने बालिकाओं के सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने बालिकाओं को सदैव स्वच्छता बनाए रखने, समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने किया। बालिकाओं की इस पहल ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

## खबर संक्षेप

### मुफ्त बिजली पाने का मौका, 24 को लगेगा सेवा सेतु कैंप

**सीहोर।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आम नागरिकों को योजना का लाभ पहुंचाने और जागरूक करने के उद्देश्य से सीहोर में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।यह सेवा सेतु कैंप 24 सितंबर 2026 गुरुवार को सीहोर बस स्टैंड स्थित होटल आदिश्री के पास लगाया जाएगा। शिविर का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक रहेगा।शिविर में नागरिकों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाएगी तथा योजना के अंतर्गत पंजीयन व अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कराई जाएंगी।

### बिजली कंपनी ने नपा को थमाया फरमान

**सीहोर।** नगर पालिका के पत्राचार के बाद बिजली कंपनी ने अब अपना फरमान जारी कर दिया है। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, शहर जोन-02 के प्रबंधक ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीहोर को पत्र लिखकर सभी सड़क बत्ती कनेक्शनों पर ऑटो स्विच लगाने को कहा है। जारी पत्र में उल्लेख किया है कि संलग्न सूची में नगर पालिका के निम्न नंबर सड़क बत्ती के विद्युत कनेक्शन हैं, जिसमें विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन सुबह एवं शाम बंद एवं चालू करना पड़ता है।

---

### योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने दिए निर्देश

# समन्वय कर बैंक और विभाग ऋण संबंधी कमियों का शीघ्र निराकरण करें: कलेक्टर

कलेक्टर बालागुरू के ने कहा, ऋण प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें, हितग्राहियों को शीघ्र ऋण उपलब्ध कराएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने बैंकवार, विभागवार एवं योजनावार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रकरणों की स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि ऋण प्रकरण बैंकों में अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि जिस उद्देश्य से शासन द्वारा ऋण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, वह सार्थक हो और हितग्राही अपने रोजगार, व्यवसाय एवं स्वरोजगार को आगे बढ़ा सकें। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि ऋण प्रकरण लंबे समय तक लंबित रहने से हितग्राहियों को अनावश्यक रूप से बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

इसलिए बैंक अधिकारी प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। ऋण से संबंधित किसी भी प्रकार की औपचारिकता अथवा कमी होने पर बैंक और संबंधित विभाग आपसी समन्वय से उसे शीघ्र पूरा कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हितग्राही को अनावश्यक परेशानी न हो और उसे ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक और विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाएं। उन्होंने ऋण वितरण के साथ-साथ प्रकरणों की स्वीकृति, लंबित मामलों के निराकरण तथा हितग्राहियों को उपलब्ध कराए जा रहे लाभ की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब पात्र व्यक्ति को समय पर आर्थिक सहायता मिले और वह इसका उपयोग अपने रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में कर सके। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने स्वरोजगार एवं आजीविका संवर्धन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री पथ विक्रेता योजना, स्व-सहायता समूह लिंकेज, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, हथकरघा, बिरसा मुंडा, संत रविदास तथा टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना की प्रगति पर चर्चा की। इसके साथ ही पशुपालकों और मत्स्य पालकों को केसीसी एवं पशुपालन ऋण उपलब्ध कराने की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में नाबार्ड अध्यक्ष ओजस्वी दीक्षित, आरबीआई जीएम संजय सेजकर, एलडीएम जयदीप भट्टाचार्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बैंक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

# करड़ियाभील में आयोजित हुआ निशुल्क आरोग्य सेवा शिविर

### 100 से अधिक मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था 'एक सखा सोशल वेलफेयर सोसाइटी' द्वारा ग्राम करड़ियाभील में निःशुल्क 'एक सखा आरोग्य सेवा शिविर' का सफल आयोजन किया गया। शिविर में गांव तथा आसपास के ग्रामीण अंचल से आए 100 से अधिक मरीजों ने अपना पंजीयन करवाकर निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं इलाज का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान डॉ. मृणाल सिन्हा एवं उनकी टीम द्वारा मरीजों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस सेवा शिविर में मुख्य रूप से स्वास्तिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मृणाल सिन्हा, नर्सिंग स्टाफ से स्वाति सेन, नीलम भावसार, अनीता, अस्पताल प्रबंधक राकेश कुकड़ा, ब्लडलाइन लेबोरेटरीज के प्रबंधक विकास मेवाड़ा एवं 'एक सखा सोशल वेलफेयर सोसाइटी' के अध्यक्ष शुभम चौरसिया विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर के सफल आयोजन में अमूल्य योगदान देने पर 'एक सखा सोशल वेलफेयर सोसाइटी' द्वारा स्वास्तिक अस्पताल की मेडिकल टीम एवं ब्लडलाइन लेबोरेटरीज के प्रबंधकों को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र प्रदान कर उनका विशेष आभार व्यक्त किया गया। एक सखा सोशल वेलफेयर सोसाइटी' के अध्यक्ष शुभम चौरसिया एवं पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का निरंतर प्रयास रहता है कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएं। संस्था भविष्य में भी समाज के सहयोग से इस तरह के जनकल्याणकारी आरोग्य शिविरों का आयोजन लगातार करती रहेगी।

---

# आमामाय गांव में किया सोलर बेस्ड ड्रिंकिंग वाटर सिस्टम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले की लीलाखेड़ी पंचायत के अंतर्गत आमामाय ग्राम में आज सीपा संस्था के माध्यम से सोलर बेस्ड ड्रिंकिंग वाटर सिस्टम के इनॉग्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीहोर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सर्जना यादव एवं उनकी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान सोलर बेस्ड ड्रिंकिंग वाटर सिस्टम का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही सीपा संस्था द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। सीपा टीम द्वारा ग्रामीण आजीविका एवं आधुनिक तकनीकों से संबंधित, मचान खेती, जल संरक्षण, शुद्ध पेयजल के माध्यम से पेयजल गुणवत्ता की जांच जैसी गतिविधियों का प्रदर्शन एवं जानकारी साझा की गई। अधिकारियों द्वारा इन गतिविधियों को ग्रामीणों के लिए उपयोगी एवं तकनीक आधारित पहल बताते हुए सराहना की गई। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने सीपा संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत तकनीकों के माध्यम से आमजन की सुविधाओं, आजीविका संवर्धन, जल संरक्षण, जल गुणवत्ता सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए इस सफल आयोजन के लिए सीपा की पूरी टीम को शुभकामनाएं एवं धन्यवाद प्रेषित किया। सीपा संस्था के मुख्य अधिकारी आशीष जैन ने बताया कि जल संरक्षण और पेयजल के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत के साथ कार्य हो रहे है । कार्यक्रम में सीपा संस्था की ओर से सूरज वर्मा, चेतन ठाकुर एवं शिवानी पटेल सहित टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में सौर ऊर्जा आधारित पेयजल सुविधा, जल गुणवत्ता परीक्षण एवं आजीविका के आधुनिक साधनों को बढ़ावा देना रहा।

---

### एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की गतिविधियों की समीक्षा एनएसपी फैसिलिटी का किया निरीक्षण

**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेरिया ने बताया कि 22 एवं 23 सितंबर को डॉ. राखी गुप्ता, डी.एस.पी. उपसंचालक एवं श्री वैभव पाटिल, सहायक संचालक, डी.एस.सी.डी. द्वारा जिले में संचालित समस्त एनएसपी फैसिलिटी का दौरा कर एच.आई.वी./एड्स नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। इस दौरान जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ. जे.डी. कोरी उपस्थित रहे। समिति के निर्देशानुसार अधिकारियों द्वारा सीहोर जिले का दौरा कर समस्त एनएसपी फैसिलिटी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संचालित गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं संबंधित कार्यों की जानकारी ली गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं फैसिलिटी स्टाफ के साथ एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई तथा आवश्यक अभिलेखों का अवलोकन किया गया।

---

# गंज में गूंजेगा गरबा, आतिशबाजी से रोशन होगी दशहरा की रात, मां भवानी दुर्गा उत्सव समिति ने किया भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी गंज दशहरा महोत्सव रंगारंग आतिशबाजी एवं भव्य आयोजन के साथ बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।इसी आयोजन की तैयारी को लेकर आज मां भवानी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौर पार्क, गंज, सीहोर में नवरात्रि महोत्सव आयोजन के लिए विधि-विधानपूर्वक भूमि पूजन किया गया।इस अवसर पर गंज दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष बंटी राठौर द्वारा दीपक मेवाड़ा को गंज दशहरा कार्यक्रम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।भूमि पूजन एवं नियुक्ति कार्यक्रम में सतीश राठौर दादा, जितेंद्र राठौर हिउस समिति, भारत राठौर, नवीन सोलंकी, विवेक राठौर, पार्षद विनोद सोलंकी, नट्टू राठौर, आशीष राठौर एवं अंकुर जोगी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

---

# कर्मचारी संघ ने प्रभार व्यवस्था व वनरक्षक एप को लेकर दिया ज्ञापन, मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ, जिला धार ने वन मैदानी अमले की 8 घंटे की इलेक्ट्रॉनिक उपस्थिति व्यवस्था को लेकर विभाग से स्पष्ट लिखित निर्देश जारी करने की मांग की है। संघ ने कहा कि सुबह 10 से शाम 6 बजे तक ड्यूटी के बाद कर्मचारी घर चले जाते हैं, लेकिन इसके बाद उनके प्रभार क्षेत्र में होने वाली वन हानि, अवैध कटाई, अवैध परिवहन, चराई, वनाग्नि तथा वन्यजीव बचाव जैसी घटनाओं की जिम्मेदारी किसकी होगी, यह स्पष्ट नहीं किया गया है। संघ ने पूछा कि ड्यूटी समाप्त होने के बाद प्रभार किसे सौंपा जाएगा और रात के समय वन क्षेत्र की निगरानी कौन करेगा। संघ ने यह भी पूछा कि 24 घंटे की व्यवस्था को तीन पालियों में चलाने के लिए क्या प्रत्येक बीट में अतिरिक्त वन अमले की व्यवस्था की गई है। साथ ही साप्ताहिक, सार्वजनिक एवं ऐच्छिक अवकाश तथा 24 घंटे की जिम्मेदारी की स्थिति में अतिरिक्त पारिश्रमिक के संबंध में भी स्पष्टता मांगी है। वनरक्षक एप को लेकर भी चिंता संघ ने वनरक्षक एप से गश्ती एवं अन्य कार्य कराने पर कर्मचारियों को विभागीय मोबाइल और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। निजी मोबाइल के उपयोग की स्थिति में मोबाइल, इंटरनेट खर्च तथा तकनीकी समस्या की जिम्मेदारी स्पष्ट करने को कहा गया है। एप में कर्मचारी की फोटो, स्थान संबंधी जानकारी और अन्य व्यक्तिगत आंकड़े लिए जाने पर उनकी सुरक्षा, गोपनीयता रखी जाए।

---

# सिविल अस्पताल में एसडीएम ने किया निरीक्षण, बीएमओ सहित स्टाफ की गैर मौजूदगी पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

बुधवार सुबह करीब 10 बजे एसडीएम संजीव कुमार नागू के अचानक सिविल अस्पताल पहुंचते ही अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। एसडीएम ने करीब आधे घंटे तक अस्पताल भवन का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान ओपीडी में कुछ डॉक्टर मरीजों को देखते मिले,लेकिन एसडीएम द्वारा ड्यूटी चार्ट की जानकारी मांगने पर चार्ट अपडेट नहीं मिला वहीं ड्यूटी समय में बीएमओ सहित स्टाफ की गैरमौजूदगी भी सामने आई एसडीएम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों और कक्षों का निरीक्षण किया इस दौरान अस्पताल भवन के कई कमरों में ताले लटके मिले उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों और उनके परिजनों से चर्चा कर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली इसके बाद महिला वार्ड में पहुंचकर प्रसव के लिए भर्ती मरीजों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं और उपचार व्यवस्था के बारे में जानकारी ली ड्यूटी समय में स्टाफ के मौजूद नहीं मिलने पर एसडीएम ने नाराजगी जताई एसडीएम के औचक निरीक्षण की खबर मिलते ही सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ.डी बड़ोदिया अस्पताल पहुंचे,लेकिन उस समय एसडीएम निरीक्षण पूरा कर अस्पताल से बाहर निकल रहे थे एसडीएम संजीव कुमार नागू ने मीडिया से चर्चा में बताया कि सिविल अस्पताल की अव्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं,जिसके चलते बुधवार सुबह औचक निरीक्षण किया गया उन्होंने कहा कि ड्यूटी से अनुपस्थित मिले डॉक्टरों और स्टाफ से स्पष्टीकरण मांगे जाने को लेकर सीएमएचओ को पत्र लिखा जाएगा निरीक्षण के दौरान अस्पताल भवन में कचरा पड़ा मिलने पर उसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही अस्पताल भवन में बेहतर साफ-सफाई रखने और मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

---

### दश लक्षण धर्म के सातवें उत्तम तप धर्म विधान मंडल विधान पूजा अर्चना की गई

# वृक्ष की तपस्या ही उसे मीठे फल प्रदान करती: अभिषेक शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पयूर्षण महापर्व के पावन पर्व दस लक्षण धर्म के सातवे उत्तम तप धर्म विधान मंडल विधान पूजा अर्चना की गई। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे प्रातः तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ की प्रतिमा के अभिषेक, शांतिधारा नित्य नियम पूजन, उत्तम तप धर्म मंडल विधान, पूजा अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान पंडित अभिषेक शास्त्री के निर्देशन मे श्रध्दालुओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया। प्रथम मुख्य शांति धारा करने का सौभाग्य अजय कुमार अंशुल अद्विक उर्फ प्रज्ञांश जैन लिलेहरिया परिवार, विधान कर्ता परिवार- सुनील कुमार स्वप्निल सहज सहर्ष जैन लीलहरिया परिवार को प्राप्त हुआ। वही अन्य धार्मिक विधी विधान संपन्न करने का सौभाग्य डा.किशोर शैकी जैन लीलहरिया परिवार, सुनील कुमार स्वप्निल जैन ईशान धर्मेंद्र कुमार जैन लिलेहरिया परिवार दीपचंद, प्रज्ञांश अंशुल जैन, सुनील कुमार स्वप्निल जैन, सरोज प्रदीप कुमार आशा जैन, मुक्ता पारस, संजय, किशोर, शीतल कुमार, बदामी लाल, प्रेमबाईं, आशा, निर्मल कुमार, रेखा मंडी कमेटी, प्रेमलता प्रेमचंद, दर्श, पार्थ, तासु, प्रासू, जैन लिलेहरिया परिवार को प्राप्त हुआ। संध्या को महाआरती, जिनवाणी स्तुति, से धर्म सभा मे घुवारा से पधारे विद्वान पंडित अभिषेक जैन शास्त्री ने शास्त्र वाचन कर बताया की उत्तम तप धर्म का दिन है और आचर्यों का कहना है जो तपता है निखार उसी स्वर्ण मे आता है एवं तप का विपरीत है पत अर्थात जो धर्म के मार्ग पर आकर तपस्या नही करता उसका जीवन पतन को प्राप्त होता है। एक मां की 9 माह की तपस्या ही नए जीवन का निर्माण करती है ,एक छात्र के वर्षो की तपस्या ही उसके सुंदर भविष्य का निर्माण करती है इसलिए आचर्यों ने तपस्या को लौकिक और पार्मार्थिक दोनो जीवनों के लिए उपयोगी कहा है, पर आपकी वह तपस्या दुसरों को तपाने वाली नही होनी चाहिए बल्कि वृक्ष के समान स्वयं तपते हुए भी दूसरों को मिष्ठ फल प्रदान करने वाली होनी चाहिए। संध्या को महाआरती शास्त्र वाचन जिनवाणी स्तुति। तत्पश्चात स्तुति महिला मंडल के तत्वाधान मे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे संपन्न। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन लाल मंदिर स्थित इंगलिशपुरा मे तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की प्रतिमा के अभिषेक शांति धारा विशेष पूजा अर्चना श्रध्दालुओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया ।

---

# द्वादशी पर श्री चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचे भाजपा नेता जसपाल अरोरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व नपा अध्यक्ष ने परिवार संग सुख-समृद्धि की कामना की, कहा - बप्पा के आशीर्वाद से ही सब कार्य सिद्ध होते हैं सीहोर। बुधवार को द्वादशी के पावन अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल अरोरा ने प्रसिद्ध श्री चिंतामन गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान श्री गणेश जी के दर्शन किए।इस दौरान उन्होंने रिद्धि-सिद्धि माता के भी दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उनकी बिटिया जसकीरत अरोरा भी मौजूद रहीं, जिन्होंने पूरे श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की। श्री अरोरा ने मंदिर में मत्था टेक कर जिले के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि श्री चिंतामन गणेश जी सभी के चिंताओं को हरने वाले हैं, उनके दर्शन मात्र से ही मन को शांति मिलती है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी उनसे भेंट की।

### प्रशासन द्वारा आठ मांगों पर सहमति और लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित

# सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की आठ दिवसीय भूख हड़ताल समाप्त

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ज्यूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों द्वारा अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले आठ दिनों से जीन ग्राउंड, सुठालिया में की जा रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल मंगलवार को समाप्त हो गई।

प्रशासन द्वारा आठ मांगों पर सहमति जताते हुए लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद किसानों ने आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। किसानों की भूख हड़ताल समाप्त कराने के लिए मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अनशन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अनशनरत नौ किसानों को ज्यूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल समाप्त कराई। किसानों की प्रमुख मांग समान रूप से चार गुना मुआवजा दिए जाने को लेकर अभी अंतिम सहमति नहीं बन सकी है। प्रशासन की ओर से किसानों को आश्वस्त किया गया है कि इस मांग का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जाएगा। किसानों ने स्पष्ट किया कि इस मांग को लेकर उनका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा और शासन के निर्णय के आधार पर आगामी रणनीति तय की जाएगी।

### बड़ी संख्या में पहुंचे थे किसान

आंदोलन के आठवें दिन किसानों के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग सुठालिया पहुंचे। हजारों की संख्या में किसान अनशन स्थल पर उपस्थित रहे। किसानों के समर्थन में सुठालिया व्यापारी एसोसिएशन द्वारा बाजार बंद रखकर आंदोलन को समर्थन दिया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी, पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, पूर्व विधायक चांचैड़ा ममता मीना, भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) प्रदेश अध्यक्ष रामजगदीश दांगी, प्रदेश संगठन मंत्री केशरीसिंह गुर्जर सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### किसानों ने अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण किया संघर्ष

आठ दिनों तक चले इस आंदोलन में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष किया। प्रशासन द्वारा आठ मांगों पर लिखित आश्वासन मिलने के बाद फिलहाल भूख हड़ताल समाप्त की गई है। किसानों ने कहा कि समान चार गुना मुआवजे की मांग उनके आंदोलन का प्रमुख विषय है और शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजे जाने के बाद उसके निर्णय का इंतजार किया जाएगा। किसानों ने कहा कि यदि शासन स्तर पर उनकी प्रमुख मांग का सकारात्मक समाधान नहीं होता है तो किसान संगठन एवं प्रभावित किसान आगे की रणनीति तय करेंगे।

---

### वार्ड 8 में आबादी के बीच सूअर पालन और सड़ी सब्जियों से दुर्गंध का आरोप

# बदबू-गंदगी से परेशान लोगों का फूटा गुस्सा नगर परिषद अध्यक्ष के घर का किया घेराव

## सीएम हेल्पलाइन, तहसील और नगर परिषद में लिखित शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर

स्थानीय नगर परिषद वार्ड 8 में सूअर पालन और गंदगी से फैल रही दुर्गंध को लेकर स्थानीय रहवासियों का आक्रोश सामने आया। सोमवार रात समस्या से परेशान नागरिकों ने एकजुट होकर नगर परिषद अध्यक्ष के निवास के बाहर पहुंचकर विरोध जताया और घेराव कर नारेबाजी की। रहवासियों का कहना है कि लंबे समय से शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार आबादी क्षेत्र में सूअर पालन किया जा रहा है और सूअरों को खिलाने के लिए सड़ी-गली सब्जियां एवं अन्य खाद्य अपशिष्ट लाकर डाले जाते हैं। रहवासियों का आरोप है कि इससे क्षेत्र में लगातार दुर्गंध बनी रहती है। गर्मी और उमस के दौरान स्थिति और खराब हो जाती है। लोगों का कहना है कि दुर्गंध के कारण घरों में रहना और सामान्य गतिविधियां करना मुश्किल हो रहा है तथा संक्रमण और बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।

### तीन स्कूलों के पास भी समस्या

रहवासियों ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र के आसपास काशी गुरुकुल एकेडमी, मां दुर्गा और सरस्वती शिशु मंदिर सहित शैक्षणिक संस्थान भी स्थित हैं। दुर्गंध का असर आसपास के विद्यार्थियों और शिक्षकों पर भी पड़ रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष का निवास भी इसी क्षेत्र के समीप है, इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। सोमवार रात विरोध के बाद मंगलवार को रहवासियों ने मामले को लेकर तहसील कार्यालय और नगर परिषद कार्यालय में लिखित शिकायत दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराते हुए आबादी क्षेत्र से सूअर पालन हटाने और गंदगी की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की गई। शिकायत करने वालों में महेंद्र कुमार, रामबाबू कबधि, दीपक मालवीय, सलाम खान, कलाम खान, देवकरण, अनिल वर्मा, राजू वर्मा, अभिषेक, जगदीश, नरसिंह, गोपाल राठौर, विभूति विश्वकर्मा और विशाल सहित अन्य रहवासी शामिल रहे।

### शिकायत का दावा

नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी कई बार नगर परिषद को ज्ञापन और शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। नागरिकों ने प्रशासन से आबादी क्षेत्र में सूअर पालन की स्थिति की जांच कराने, गंदगी और दुर्गंध के स्रोत को हटाने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।अब सीएम हेल्पलाइन, तहसील कार्यालय और नगर परिषद में शिकायत के बाद रहवासियों को कार्रवाई का इंतजार है। नागरिकों का कहना है कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, वे प्रशासन के समक्ष अपनी मांग उठाते हुए उग्र आंदोलन की राह पर जाएंगे।

---

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया

भानपुरा/मंदसौर

नगर परिषद भानपुरा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुधवार को मातृ सहयोगिनी समिति अध्यक्ष की उपस्थिति में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा महिलाओं, गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं को पोषण एवं पौष्टिक तत्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही पोषण सामग्री प्रदर्शित की जाकर उनके पौष्टिक तत्वों की विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विमल कलवाड़िया, मैना भाना, सहायिका किरण बंबोरिया, कृष्णा मरमट सहित वार्ड की महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे।

---

# आउटसोर्स कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने सहायक श्रम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर।** प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत मप्र राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ की मंदसौर जिला इकाई द्वारा जिले के विभिन्न शासकीय विभागों, कार्यालयों, निगमों और मंडलों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों की रक्षा और श्रम कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर श्रम विभाग के नाम एक 12 सूत्रीय ज्ञापन सहायक श्रम आयुक्त पवन मंडोत को सौंपा गया। संगठन के जिलाध्यक्ष फकीरचन्द गुर्जर के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में बताया गया कि विभिन्न विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने, कई-कई महीनों का वेतन लंबित रहने और निर्धारित मानदेय से कम भुगतान किए जाने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों को उनकी वास्तविक कार्य क्षमता और पद के अनुरूप वेतन न देकर अभिलेखों में अकुशल दर्शाने और वेतन पर्ची तक उपलब्ध न कराने जैसी अनियमितताएं लगातार सामने आ रही हैं। इसके अलावा ईपीएफ, ईएसआईसी, वैधानिक बोनस और अन्य बुनियादी सामाजिक सुरक्षा लाभों से वंचित रखे जाने को लेकर भी कर्मचारियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने नौकरी की सुरक्षा का अहम मुद्दा उठाते हुए कहा कि वर्षों से निष्ठापूर्वक सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को बिना किसी उचित वैधानिक प्रक्रिया या ठोस कारण के दबाव बनाकर हटाने की कार्रवाई की जा रही है, जिस पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी जिनको बाहर किया गया उनको वापस नौकरी पर रखा जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आउटसोर्स कर्मचारियों की इन जायज मांगों पर 9 अक्टूबर तक वैधानिक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो संघ प्रदेश कार्यकारिणी के माध्यम से राज्य स्तर पर अपनी लड़ाई को आगे ले जाते हुए उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगा।

---

## जिले के सीतामऊ में आज आयोजित होगा शिविर

**मंदसौर।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले के सीतामऊ में 24 सितंबर को शिविर आयोजित होगा। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने सभी अधिकारियों को शिविर की तैयारी के निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान अभियान के अंतर्गत जन समस्याओं शिकायतों का निराकरण किया जाएगा संबंधित जनप्रतिनिधीकरण अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत उद्यम संवाद कार्यक्रम सीतामऊ में सुबह 09:30 में होगा एवं जनसंवाद कार्यक्रम फतेहपुर चिकली में दोपहर 2 बजे होगा। सीतामऊ के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 24 सितंबर को अधिकारियों द्वारा भ्रमण करके लोक संपर्क किया जाएगा। आमजन की शिकायत और समस्याओं का यथासंभव त्वरित निराकरण किया जाएगा। जिन शिकायतो समस्याओं के निराकरण में समय सीमा देनी होगी तो निश्चित समय सीमा दी जाएगी। 24 सितंबर को अधिकारियों द्वारा संपूर्ण सीतामऊ क्षेत्र के वार्डो का भ्रमण किया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया जाएगा।

---

# उद्यानिकी महाविद्यालय में मनाया गया 11वां आयुर्वेद दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶मंदसौर

उद्यानिकी महाविद्यालय में 11वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। आयुर्वेद दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अरुण मिश्रा प्राध्यापक आयुर्वेद महाविद्यालय मंदसौर थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गण, स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

महाविद्यालय में संचालित अखिल भारतीय औषधि एवं सुगंधित समन्वित शोध परियोजना के वैज्ञानिक डॉ. बसंत कचोली ने आयुर्वेद दिवस की महत्ता के ऊपर प्रकाश डाला एवं परियोजना द्वारा औषधि एवं सुगंधित फसलों की विकसित किस्मो के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अरुण मिश्रा ने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर निरोग रहने की प्रेरणा दी। डॉ मिश्रा ने आयुर्वेद ने बताया कि आयुर्वेद तो कई हजारों वर्ष पुराना है किंतु उसको महत्व विगत कुछ वर्षों से मिल रहा है। डॉ मिश्रा ने बताया कि आयुर्वेद उपचार से सभी प्रकार के रोग जड़ से समाप्त होते हैं। इनका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता साथ ही वे सस्ते भी होते हैं। यदि उच्च गुणवत्ता की आयुर्वेदिक दवाइयां का उपयोग करें तो रोगी तुरंत स्वस्थ हो जाते हैं। डॉ मिश्रा ने विद्यार्थियों से आयुर्वेद को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रोशन गलानी ने किया एवं आभार डॉ प्रदीप तुर्कमाने ने दिया।

---

# नपा परिषद अनंत चतुदर्शी पर्व पर गणेश मूर्तियों के विसर्जन के लिए 24 मूर्ति संग्रहण केंद्र बनाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶मंदसौर

25 सितंबर अनंत चतुर्दशी पर्व पर नागरिकों द्वारा भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। यह विसर्जन नेशनल ग्रिन ट्रिब्यूनल एनजीटी व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार हो, यह सुनिश्चित करने के लिए नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नपा के अमले के साथ विसर्जन की तैयारियों का निरीक्षण हेतु स्थलो का अवलोकन किया। नगरपालिका परिषद गणेशजी की मूर्तियों के विसर्जन के लिए नगर में 24 स्थानों पर स्टाल (मूर्ति संग्रहण केन्द्र) लगाएगी तथा इन सभी स्थानों से मूर्तियों को एकत्रित कर उसे धार्मिक रीति रिवाज व परंपरा के अनुसार पानी से भरी खदान स्थल में प्रवाहित कराएगी।

इस व्यवस्था को हर वर्ष की भांति सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण कराने कल नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नपा सभापतिगण निलेश जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रेम कुमार सुमन के साथ एमआईटी कॉलेज के पास दाउदखेड़ी की खदान स्थल एवं तेलिया तालाब के बाहर स्टाल लगाने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष गुर्जर ने नपा अधिकारियों कर्मचारियों को कहा कि अनन्त चतुर्दशी पर्व पर मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था के लिये हर वर्ष जहाँ केन्द्र लगाया जाता है वहाँ टेंट लगाये तथा सभी 24 स्थानो पर नपा कर्मचारियों की उपस्थिति रहे।

नपाध्यक्ष ने मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि 10 दिवस तक नगर के नागरिक गणेशजी की भक्ति पूर्वक आराधना करते हैं। गणेशजी की मूर्तियों का विसर्जन भी हमारा धार्मिक श्रद्धा अनुसार हो यह कार्य नपा द्वारा हर बार की तरह इस बार भी पूरी तत्परता से किया जाएगा जो भी मूर्तियां संकलित होगी उन्हे सम्मान के साथ विसर्जित किया जाएगा। मुख्य नपाधिकारी प्रेम कुमार सुमन ने कहा कि नपा 24 मूर्ति संग्रहण केन्द्र व विसर्जन केन्द्र बना रही है।

---

## एक करोड़ कंठों से गूंजेगा वंदे मातरम, विद्या भारती के इस ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनेगा सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान

**मंदसौर।** राष्ट्रभक्ति, एकता और अखंडता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विद्या भारती द्वारा आयोजित 'नमामि भारतम' अभियान अंतर्गत 25 सितंबर को सुबह 10.30 बजे यशोधर्मन सभागार सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान संजीत मार्ग मंदसौर पर एक अनूठा सामूहिक आयोजन होने जा रहा है। इस अवसर पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से एक करोड़ लोग एक साथ, एक समय, एक लय और एक स्वर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का पूर्ण गायन करेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन में सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई, संजीत मार्ग, मंदसौर भी अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराते हुए विद्या भारती के इस विराट राष्ट्रव्यापी स्वर-संगम का हिस्सा बनेगा। विद्यालय परिसर में विद्यार्थी, आचार्यगण एवं गणमान्यजन एक साथ राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन कर राष्ट्र की एकता और अखंडता के इस महायज्ञ में अपनी आहुति देंगे। सरस्वती विहार परिवार आपसे आग्रह करता है कि 'आइए, आप सभी भी इस ऐतिहासिक स्वर-संगम का हिस्सा बनें। एक समय, एक लय, एक स्वर में 'वंदे मातरम' गाकर राष्ट्र की एकता और अखंडता के इस महायज्ञ में अपनी आहुति दें।'

---

# वन स्टॉप सेंटर मंदसौर में पोषण एवं महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶मंदसौर

वन स्टॉप सेंटर मंदसौर में पोषण एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन हुआ। महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों से प्राप्त होने वाले टी एच आर (टेक होम राशन) से पौष्टिक मिठाई एवं अन्य व्यंजन बनाने की विधि तथा उपयोग की जानकारी दी गई। हरी सब्जियों एवं मौसमी फल, पौष्टिक खाद्य पदार्थों के सेवन, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ सफाई के संबंध में जागरूक किया गया। एनिमिया के कारण, बचाव व आयरन युक्त आहार की जानकारी दी गई। महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में बताया गया। किसी भी हिंसा से प्रभावित महिलाओं और बालिकाओं को आवश्यकतानुसार परामर्श, मनो सामाजिक सहायता, चिकित्सीय सहायता, पुलिस सहायता, विधिक सहायता एवं अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाओं से जोड़ा जाता है। महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, 112 की जानकारी दी गई।

DISTRICT HUB FOR EMPOWERMENT OF WOMEN MANDSAUR
क्लीनिक
CLINIC

---

## जिला चिकित्सालय में अत्याधुनिक फेको तकनीक से मोतियाबिंद का किया ऑपरेशन

**मंदसौर।** सुंदरलाल पटवा शासकीय मेडिकल कॉलेज मंदसौर एवं इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय मंदसौर के नेत्र विभाग द्वारा मोतियाबिंद के उपचार में नई उपलब्धि हासिल की गई है। जिला चिकित्सालय में 22 सितंबर को नवीनतम फेकोइमल्सीफिकेशन तकनीक द्वारा 8 मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर फोल्डेबल लेंसका प्रत्यारोपण किया गया। इस आधुनिक तकनीक में बिना टांके के सूक्ष्म चीरे से ऑपरेशन किया जाता है, जिससे मरीज को जल्द स्वास्थ्य लाभ मिलता है। इससे पूर्व 21 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाहरगढ़ में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें 112 मरीजों ने लाभ लिया। शिविर में चिन्हित मरीजों को ही जिला चिकित्सालय लाकर यह अत्याधुनिक ऑपरेशन निःशुल्क किया गया। यह संपूर्ण शिविर एवं ऑपरेशन नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल भिरुड एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किए गए।

---

### मंदिरों के विमान बड़े बाजार चौक पर हुए विराजित, अखाड़े में पहलवानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

# धूमधाम से मनाई जलझूलनी एकादशी, निकला विमानों का जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर

नगर में जल झूलनी एकादशी का पर्व धार्मिक आस्था, परंपरा और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया था। परंपरा के अनुसार विभिन्न मंदिरों के विमान बड़े बाजार चौक पर विराजित किए गए, जहां बड़ी संख्या में नगरवासियों ने पहुंचकर भगवान के दर्शन-पूजन किए और धर्मलाभ लिया। इस अवसर पर पुराने झंडा चौक चौराहे पर अखाड़े का आयोजन किया गया। अखाड़े में पहलवानों ने विभिन्न दांव-पेंच और हैरतअंगेज करतब दिखाकर उपस्थित लोगों को रोमांचित किया। अखाड़े को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी और युवा मौजूद रहे। इस दौरान हिंदू उत्सव समिति की ओर से अखाड़े के उस्तादों का साफा बांधकर एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत-सम्मान किया गया।

### जगह-जगह फोड़ी दही की मटकियां

जुलूस के मार्ग में जगह-जगह दही की मटकियां लटकाई गई थीं, जिन्हें उत्साह के साथ फोड़ा गया। इस दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे नगर में धार्मिक जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।नगर भ्रमण करते हुए सभी विमान तखाजी मंदिर पहुंचे। यहां विधि-विधान से सभी विमानों का पूजन एवं आरती की गई। इसके बाद विमानों में विराजित भगवान को शनि तलाई ले जाया गया, जहां परंपरानुसार भगवान का जल विहार कराया गया। जल विहार के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ लिया।

## डोल ग्यारस पर निकले मंदिरों के चल समारोह, हुआ पुरस्कार वितरण

**शामगढ़/ मंदसौर।** डोल ग्यारस महोत्सव समिति के तत्वावधान में जल झूलनी एकादशी पर नगर के 14 मंदिरों के चल समारोह वैवाण ट्रैक्टर ट्राली में सजाकर गरोठ रोड पर एकत्रित हुए जहां से बैड बाजे और डीजे के साथ राधा कृष्ण की आकर्षक झांकियां एवं श्री वीर बजरंगी व्यायाम शाला वाल्मीकि अखाड़ा व्यायामशाला के के कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाते हुए चल समारोह के आगे आगे चल रहे थे। सभी चल समारोह लगभग 3 किलोमीटर भ्रमण करते हुए नगर के मुख्य मार्ग शिव हनुमान मंदिर में रोड आना बाजार श्री राम मंदिर सुवासरा रोड होते हुए श्री कृष्णा तलाई पर पहुंचे जहां पर भगवान को स्नान कर सभी की सामूहिक आरती पर महाप्रसादी का वितरण किया गया। सर्वश्रेष्ठ चल समारोह में झांकियां सजाने वाले को चयन समिति द्वारा चयनित कर प्रथम पुरस्कार 11000 रुपए चंद्रवंशी क्षत्रियखाती समाज ईश्वर तंवर की ओर से एवं द्वितीय पुरस्कार 7501 राधा कृष्ण मंदिर पंजाबी समाज को होटल तन्वी पैलेस एवं तृतीय पुरस्कार 5100 श्री राधा कृष्ण मंदिर राजपूत समाज को साईं कार बाजार की ओर से प्रदान किए गए। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव की ओर से सम्मान स्वरूप अन्य चल समारोह एवं अखाड़ा दल को राशि भेंट की गई।

## खबर संक्षेप

### कंपोजिट मदिरा दुकान 27 से 29 तक बंद रहेगी

**सीहोर।** जनपद पंचायत भैरूंदा के जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक-16 के उपचुनाव वर्ष 2026 को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सतारना स्थित कंपोजिट मदिरा दुकान को निर्धारित अवधि में बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. द्वारा जारी आदेश के अनुसार कंपोजिट मदिरा दुकान सतारना को 27 सितंबर 2026 को दोपहर 3 बजे से 29 सितंबर 2026 को मतदान समाप्ति तक बंद रखा जाएगा।

### महाप्रसादी वितरण और भजन संध्या आज

**जावर।** नगर के गांधी चौक स्थित विट्ठल ग्रुप गणेश उत्सव समिति जावर द्वारा आज भव्य महाप्रसादी वितरण एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया है।समिति ने बताया कि गणेशोत्सव के पावन अवसर पर आज शाम भगवान गणेश की महाआरती के बाद महाप्रसादी वितरण किया जाएगा, साथ ही भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया है।विट्ठल ग्रुप गणेश उत्सव समिति ने सभी नगरवासियों और क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### 27 से सात दिवसीय कथा का होगा शुभारंभ

**सीहोर।** शहर के गीता मानस भवन में आगामी 27 सितंबर से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। कथा में भागवत भूषण पंडित अरविंद व्यास के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का श्रवण करने का अवसर मिलेगा। आयोजन को लेकर गीता मानस भवन समिति और यजमानों द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। सात दिनों तक चलने वाली कथा के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं प्रेरणादायी प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया जाएगा। कथा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का कार्य किया जा रहा है। पहले दिन कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

---

### किसानों को आ रही समस्याओं और विसंगतियों को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

# 205 गांव के किसानों को नहीं मिली फसल बीमा की राशि: ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

ज्ञापन में फसल बीमा से वंचित गांवों को शीघ्र बीमा राशि दिलाने, खाद वितरण में हो रही विसंगतियों को दूर करने तथा अल्प वर्षा को देखते हुए स्टॉप डेम के शटर शीघ्र बंद करने सहित किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस आष्टा द्वारा आज अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में फसल बीमा से वंचित गांवों को शीघ्र बीमा राशि दिलाने, खाद वितरण में हो रही विसंगतियों को दूर करने तथा अल्प वर्षा को देखते हुए स्टॉप डेम के शटर शीघ्र बंद करने सहित किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाए गए।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह मेमदाखेड़ी ने कहा कि आष्टा क्षेत्र में वर्ष 2025 का फसल बीमा जारी किया गया है, लेकिन क्षेत्र के करीब 205 गांव ऐसे हैं, जहां किसानों को फसल बीमा की राशि बिल्कुल नहीं मिली है। वहीं जिन गांवों में बीमा राशि मिली है, वहां भी कई किसानों को बेहद कम राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि बीमा से वंचित गांवों की स्थिति की जांच कराकर पात्र किसानों को शीघ्र बीमा राशि उपलब्ध कराई जाए।खाद वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आष्टा क्षेत्र से बड़ी मात्रा में खाद बाहर जा रहा है। यदि इसी प्रकार खाद का वितरण जारी रहा तो आने वाले समय में स्थानीय किसानों को आवश्यकता के समय खाद की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाई जाए।उन्होंने कहा कि अल्प वर्षा के कारण क्षेत्र में जल संरक्षण भी अत्यंत आवश्यक है। इसलिए स्टॉप डेम के शटर शीघ्र बंद किए जाएं, ताकि उपलब्ध पानी को संरक्षित किया जा सके और किसानों को आगामी समय में इसका लाभ मिल सके।कांग्रेस ने प्रशासन से किसानों से जुड़े इन सभी मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करते हुए किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की। इस अवसर पर कैलाश परमार, मीना सिंगी, कमलसिंह चौहान, सोहेल मिर्जा, सुनील सेठी, विनीत सिंगी, जगदीश चौहान, घनश्याम जांगडा, इदरीस मंसूरी, ज़ाहिद गुड्डू, रतनसिंह ठाकुर, लोकेन्द्र बनवट, चंदरसिंह ठाकुर, एच आर परमाल, सलीम अंसारी, नईमुददीन, राजेन्द्र दरबार, दौलतसिंह, चेतन ठाकुर, कृपाल मालवीय, गीतम ठाकुर, आत्माराम परमार, तोसिफ़ुद्दीन, फैजुद्दीन, अरविंद मेवाडा, क़लीमुद्दीन, प्रदीप भाटी, गोरे मियाँ, रामचरण दवारिया, परमानंद सेन, लखन ठाकुर, बलवान ठाकुर, सईद टेलर, इमरान डीलक्स, नफीस शाह, बंशी बांबे, नितेश ठाकुर, विलास जाट, नासिर ख़ान, अमजद पटेल, हरि मेवाडा, टोनी जैन, रवींद्र ठाकुर, देवेन्द्र ठाकुर, अरसद मंसूरी, अंकित ठाकुर, देवेन ठाकुर, डॉ एजाज, इंदर ठाकुर, उमेद ठाकुर, रूप सिंह गोरिया, अशोक मंडलोई, कृपाल तोमर, अनार सोलंकी, दिलीप मालवीय, दौलतसिंह ठाकुर, लखन ठाकुर, शिशुपाल ठाकुर महेश पटेल, भरत वर्मा , शंकर सक्सेना, शंकर बोड़ाना आदि लोग मौजूद रहे।

---

# निकली चलित झांकियां जमकर थिरके भक्त

### धूमधाम से मनाया डोल ग्यारस पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

नगर परिषद कोठरी में डोल ग्यारस का पर्व इस वर्ष भी बड़े उत्साह, उमंग और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया। कोठरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण नगर में पहुंचे। पूरे नगर में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा। चलित झांकियों, बैंड-बाजों और डीजे की धुन पर युवा एवं श्रद्धालु जमकर थिरके, वहीं विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। डोल ग्यारस के अवसर पर सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। इसके बाद योगेश्वर श्रीकृष्ण मंदिर एवं देवनगर श्रीकृष्ण मंदिर से भगवान श्रीकृष्ण के डोल को आकर्षक रूप से सजाई गई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में नगर भ्रमण के लिए निकाला।

जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर स्वागत किया। नगर के विभिन्न मंडलों की ओर से आकर्षक चलित झांकियां सजाई गईं। झांकियों के नगर भ्रमण के दौरान लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। नगर के प्रसिद्ध अखाड़ों के कलाकारों ने विभिन्न प्रकार के साहसिक एवं हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कई करतबों को देखकर दर्शक दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए। डोल ग्यारस का उत्सव उत्साहपूर्वक चल रहा था, इसी दौरान किसी बात को लेकर पुलिस प्रशासन और मंच संचालकों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा मंचों से लैपटॉप हटाए गए और साउंड बंद करने के निर्देश दिए गए। इससे मौके पर मौजूद लोगों में नाराजगी देखने को मिली और कुछ देर के लिए हंगामे जैसी स्थिति बन गई। डोल ग्यारस महोत्सव में आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर भी पहुंचे। विभिन्न मंचों पर उनका माला पहनाकर एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। युवाओं का उत्साह देखकर विधायक भी उनके साथ नृत्य करते नजर आए।

विधायक को अपने बीच पाकर उत्साहित लोगों ने उन्हें कंधों पर बैठाकर उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय भी शामिल हुए। विभिन्न मंचों पर उनका भी माला पहनाकर एवं साफा बांधकर स्वागत-सम्मान किया गया। उन्होंने डोल ग्यारस की परंपरा और धार्मिक उत्सव में शामिल होकर लोगों का उत्साहवर्धन किया। इस वर्ष डोल ग्यारस उत्सव को प्रकृति संरक्षण के संदेश से भी जोड़ा गया।

शाम करीब 5 बजे "आलकी की पालकी, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष के साथ श्रीराम मंदिर समिति द्वारा बड़ी कुंडी चौक पर लड्डू गोपाल की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद कृष्ण धाम से मातेश्री बाग तक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां जल-वायु पूजन, ईश वंदना एवं प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कोठरी का डोल ग्यारस महोत्सव नगर ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनी विशेष पहचान रखता है। हर वर्ष बड़ी संख्या में ग्रामीण इस धार्मिक जुलूस में शामिल होते हैं। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी से नगर का माहौल भक्तिमय और उत्सवमय नजर आया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद नगर समिति की ओर से सहयोग एवं व्यवस्था बनाए रखने में योगदान देने वाले पुलिस प्रशासन सहित सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

---

# समाजसेवी राठौर को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



समाजसेवी एवं उद्योगपति तथा मां वैष्णवी ग्रुप के संचालक देवकरण राठौर एवं वीरेंद्र राठौर के पूज्यनीय पिता स्वर्गीय लाभमल जी राठौर के निधन का समाचार मिलते ही राठौर समाज सहित पूरे नगर में शोक की लहर छा गई। उनके अंतिम दर्शन एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, रिश्तेदार व शुभचिंतक पहुंचे। स्वर्गीय लाभमल राठौर के अंतिम दर्शन सुभाष नगर स्थित तक्षशिला स्कूल के पास उनके निवास पर रखे गए, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उज्जैन अपर कलेक्टर राजेश राठौर ने भी पहुंचकर स्वर्गीय लाभमल राठौर को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। परिजनों के अनुसार, स्वर्गीय लाभमल राठौर का जीवन समाजसेवा, सरल स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाना जाता था। अंतिम दर्शन के दौरान उपस्थित समाजजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्वर्गीय लाभमल राठौर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

---

### दिव्यांग बच्चों के लिए जिले में लगेंगे शिविर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के के निर्देशानुसार विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीहोर जिले में विकासखंडवार एक दिवसीय चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की औपचारिक पहचान, चिकित्सकीय मूल्यांकन तथा आवश्यकता के अनुसार उपयुक्त सहायक उपकरण प्रदान किए जाने के लिए चिन्हांकन किया जाएगा। शिविरों में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर के विशेषज्ञ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाए जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बोर्ड के सदस्यों तथा उदित बनाने के लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की ददित टीम की सेवाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधनी विकासखंड में 24 सितंबर, इछावर में 25 सितंबर, भैरूंदा में 26 सितंबर, आष्टा में 28 सितंबर तथा सीहोर विकासखंड में 29 सितंबर 2026 को शिविर आयोजित होगा। सभी शिविर बीआरसी भवन में आयोजित किए जाएंगे।

---

# ब्रह्म ज्ञान प्राप्त करने के लिए पहले शरीर में से काम, क्रोध मोह और अहंकार रूपी कचरे को हटाना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर नगर में भागवत सप्ताह के अंतर्गत श्री राम मंदिर जावर में परंपरा अनुसार भागवत कथा चल रही है।भागवत कथा के तीसरे दिन जड़ भरत की कथा का श्रवण श्रोताओं ने किया। जड़ भरत ने कहा कि मुझे कोई नहीं मार सकता मैं तो अजर अमर हूं मेरा शरीर नष्ट हो सकता है मैं नहीं। गीता में भगवान श्री कृष्ण जी ने भी यही कहा है कि नैनम छिंदंति शस्त्राणि नैनम दहति पावकः अर्थात आत्मा को कोई गला नहीं सकता, काट नहीं सकता, सुखा नहीं सकता।। गीता में भगवान श्री कृष्ण जी ने यह भी कहा कि यह शरीर खेत के समान है जीव किसान है, वह धर्म या अधर्म जो बोता है वही उसमें पैदा होता है ।एक बार महात्मा बुद्ध काशी के राजा के पास अपने शिष्यों के साथ गए, उन्होंने महात्मा जी का सत्कार किया और उनके कमंडल में भोजन प्रदान करने लगे। राजन ने देखा कमंडल में कुछ कचरा है, पहले उसे साफ कर फिर उसमें खीर भरकर महात्मा जी को दी। राजा ने सोंचा महात्मा बुद्ध से ब्रह्म ज्ञान प्राप्त करने का यही अच्छा समय है उन्होंने अपनी इच्छा को व्यक्त किया महात्मा बुद्ध ने कहा राजन तुम इसके अभी पात्र नहीं हो। जिस तरह से तुमने कमंडल के अंदर का कचरा साफ किया है इसी तरह तुम्हारे शरीर के अंदर काम, क्रोध, मोह और अहंकार रूपी जो कचरा जमा है पहले उसे निकालो।मंदिर समिति के सचिव जयनारायण राठौर ने बताया कि उक्त चरित्र छत्तीसगढ़ से पधारे संत छत्तीसगढ़ पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी ब्रह्मदेवाचार्य जी महाराज ने सुनाते हुए आगे कथा में अजामिल का चरित्र सुनाया। कामवासना का चिंतन मनन करने एवं देखने से मनुष्य भ्रष्ट होकर कुमार्ग पर चल पड़ता है। यही हाल अजामिल का हुआ लेकिन ऋषियों ने राम नाम का स्मरण करा कर उसके मोक्ष के मार्ग को प्रशस्त किया। सनातन धर्म बहुत प्राचीन है इसे कोई नष्ट नहीं कर पाया। समिति के कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सेंधव ने बताया कि मंदिर में भागवत कथा नवमी तिथि से पूर्णिमा तक भादो मास में सैकड़ो वर्ष पहले संत रामदास बाबा ने प्रारंभ करवाई थी जो आज तक अनवरत रूप से जारी है ।वही अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पूर्व पार्षद ने बताया कि श्रावण भादौ मास में पक्षियों को दाना चुगाना, रामलीला और दशहरे की परंपरा भी संत रामदास बाबा ने प्रारंभ की थी ।इस अवसर पर पुजारी मोहन दास बैरागी, भवानी शंकर वर्मा, रामसिंह ठाकुर, फूलसिंह ठाकुर, उदय सिंह ठाकुर एवं श्रोतागण उपस्थित रहे।

---

# राजपूत समाज ने प्रतिभाओं का किया सम्मान, समाज से कुरीतियां दूर करने, एकता अखंडता का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान टीम मध्य प्रदेश द्वारा 20 सितंबर को आयोजित हुआ जो शानदार भव्य और दिव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया रतलाम हुए राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान टीम के कार्यक्रम ने इतिहास रच दिया इस कार्यक्रम में श्री राजपूत क्षत्रिय संघ भारत की मध्य प्रदेश टीम ने भी भाग लिया श्री राजपूत क्षत्रिय संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह सोनगरा कालापीपल,कुंवर महेंद्र सिंह पवार फुड़रा इंदौर,कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ठीकाणा बीलपान,ठाकुर नरेंद्र सिंह भाटी रोलू पिपलिया, कुंवर जयसिंह खींची धनौरी देवास को राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्था के संस्थापक महेंद्र सिंह जाखली और महा संघ प्रमुख गणपत सिंह भवादिया द्वारा श्री राजपूत क्षत्रिय संघ के सिरदारों को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्राट विक्रमादित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में राजस्थान की पुरी टीम ने रतलाम उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया नशा मुक्ति दहेज प्रथा टीका तिलक प्रथा अंतरजातीय विवाह जैसी कुर्तियां को दूर करने का लिया संकल्प रतलाम मध्य प्रदेश में दहेज विरोधी क्षत्रिय संगठन एवं राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान जय भवानी मातृशक्ति तलवार बाजी संघ की सभी अनुषांगिक टीमों के संस्थापक महेंद्र सिंह जाखली और महा संघ प्रमुख गणपत सिंह भवादिया के साथ में पूरी राजस्थान की दहेज विरोधी क्षत्रिय संगठन राजपुत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान व जय भवानी मातृशक्ति तलवार बाजी संघ की टीमों ने भाग लेकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कार्यक्रम के लिए राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह बावल एवं उनकी धर्म पत्नी राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान टीम की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं महिला सशक्तिकरण की राष्ट्रीय अध्यक्ष कल्पना राठौड़ दोनो की मेहनत से रतलाम कार्यक्रम ने इतिहास रचा दिया। इस अवसर पर राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान टीम एवं दहेज विरोधी क्षत्रिय संगठन एवम जय भवानी मातृशक्ति तलवार बाजी संघ के सभी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। सफल आयोजन के लिए सभी पदाधिकारी गण व मातृशक्ति एवं समस्त मारवाड़ राजस्थान को बधाई दी।

---

### कोतवाली चौराहे पर नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया डोलों का स्वागत-सम्मान

# अनंत चौदस पर अटल चौराहे पर सजेगा मंच, होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

डोल ग्यारस के पावन अवसर पर मंगलवार को शहर में विभिन्न मंदिरों से निकले डोलों का नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में कोतवाली चौराहे पर स्वागत एवं सम्मान किया गया। शहर के अलग-अलग मंदिरों से भगवान को विमान और डोल में विराजमान कर बैंड-बाजे के साथ निकली शोभायात्राएं कोतवाली चौराहे पर पहुंचीं। यहां नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पार्षदों और क्षेत्रवासियों ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा मंदिरों के महंतों एवं पुजारियों का स्वागत-सम्मान किया। डोल ग्यारस पर सुबह से ही शहर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और श्रृंगार किया गया। इसके बाद भगवान को डोल और विमानों में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। जैसे-जैसे डोल कोतवाली चौराहे की ओर पहुंचे, श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ती गई। बैंड-बाजे और धार्मिक जयकारों के बीच चौराहा भक्तिमय नजर आया। कोतवाली चौराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पार्षदों और क्षेत्रवासियों के साथ विभिन्न मंदिरों से आए डोलों में विराजमान भगवान की पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिरों के महंतों और पुजारियों का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण भी किया गया। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से डोलों के पहुंचने के साथ कोतवाली चौराहा धार्मिक उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने के लिए पहुंचे। लोगों ने भगवान के समक्ष पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि डोल ग्यारस का पर्व शहर में वर्षों से धार्मिक आस्था और परंपरा के साथ मनाया जाता रहा है। इस अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों से भगवान डोल पर सवार होकर नगर भ्रमण करते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन शहर की धार्मिक परंपराओं और सामाजिक सहभागिता से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि डोल ग्यारस के दौरान अलग-अलग मंदिरों से निकलने वाले डोल जब शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरते हैं तो श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इससे पूरे शहर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बनता है।

### अनंत चौदस पर होगा आयोजन

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि आगामी अनंत चौदस के पावन पर्व पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहर के अटल चौराहे पर मंच लगाया जाएगा। यहां गणेश उत्सव के दौरान निकलने वाली आकर्षक झांकियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न अखाड़ों को प्रोत्साहन राशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में शहरवासियों की भागीदारी से उत्सव का स्वरूप और व्यापक होता है। अनंत चौदस के अवसर पर निकलने वाली झांकियों और अखाड़ों के आयोजन को लेकर भी तैयारियां की जाएंगी। डोल ग्यारस के अवसर पर हुए स्वागत-सम्मान कार्यक्रम में नगर पालिका के पार्षद, मंदिरों के महंत-पुजारी, श्रद्धालु और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। बैंड-बाजे और भगवान के जयकारों के साथ निकले डोलों ने शहर के धार्मिक माहौल को उत्सवी बना दिया।

---

# ग्रामीण क्षेत्रों में निकले डोल, की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

मंगलवार को डोल ग्यारस का पर्व खाचरोद सहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र रामपुरा, रोलागांव, बड़घाटी, छापर, बड़खोला, खामखेड़ा, कन्नौज, नानकपुर, लसूडिया विजय सिंह, पगारिया हॉट आदि गांव में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गांवो मैं मंदिरों से सजे धजे डोल पूजन आरती के उपरांत नगर भ्रमण पर निकले जहां पर पूरे गांवो मैं जगह-जगह भक्तों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की गई वहीं बच्चों की दीर्घायु और निरोगी जीवन की कामना के साथ बच्चों को डोल के नीचे से निकला गया वहीं भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई इसके उपरांत सभी डोल गांवो के नदी व घाटों पर पहुंचे जहां पर जल विहार के उपरांत आरती कर सभी डोल अपने-अपने मंदिर वापस हो गए जहां पर सभी ग्राम वासियो द्वारा भगवान की आरती कर प्रसादी वितरण की।